कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), गढ़वा

आदेश

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), गढ़वा के अधीन प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या PR 367820Agriculture (25-26).D एवं लेखापाल–सह–लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या PR 367823Agriculture (25-26)*D प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों से उक्त पदों के लिए दिनांक 20.12.2025 तक आवेदन पत्र प्राप्त किया गया था। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों एवं संलग्न प्रमाण पत्रों के आधार पर कम्प्युटर में विहित प्रपत्र में की गई प्रविष्टि की सूची को गढ़वा जिला के वेबसाईट www.garhwa.nic.in तथा atmagarhwa.org.in पर जारी कर दिया गया है। यदि जारी की गई सूची में किसी अभ्यर्थी को उनके द्वारा भरे गये आवेदन एवं आवेदन के साथ संलग्न प्रमाण पत्र के अनुसार कोई अंकनीय एवं टंकनीय त्रुटि हो, तो वैसे अभ्यर्थी अंकनीय एवं टंकनीय सुधार हेतु दिनांक 09.06.2026 से 17.06.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक साक्ष्य सहित दावा आपत्ति कर सकते हैं। दावा आपत्ति e-mail ID (atmagarhwa78@gmail.com) के माध्यम से विहत प्रपत्र Annexure-A में पदवार प्राप्त किया जाएगा। e-mail ID की विवरणी गढ़वा जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in तथा atmagarhwa.org.in पर उपलब्ध है।

अंतिम तिथि के पश्चात किसी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। दिये गये e-mail ID के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। दावा आपत्ति में वैसे कोई भी प्रमाण पत्र/कागजात जो आवेदन के साथ संलग्न नहीं है, अलग से किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

08.06.26

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा,
गढ़वा

ज्ञापांक 627 / दिनांक 08.06.26

प्रतिलिपि : जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, गढ़वा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि गढ़वा जिले के वेबसाईट पर सूचना सहित वर्णित सूची अपलोड करने का कृपा की जाय।

प्रतिलिपि : जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, गढ़वा को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों के आगामी अंक में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

08.06.26

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा,
गढ़वा

Scanned with OKEN Scanner